आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12 जुलाई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये देशभर के इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र, देश में सैंतालीस स्थानों पर हो रहे हैं आयोजन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी।
- पवित्र श्रावण माह के साथ प्रदेश भर में कावड़ यात्रा की हुई शुरुआत, सरकार ने कावड़ यात्रियों के लिए अलग अलग जिलों में किए विशेष इंतजाम, रेलवे ने भी की है पूरी तैयारी।
- श्री गुरु तेग बहादुर के तीन सौ पचासवें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में लखनऊ से दिल्ली तक निकाली जाएगी विशेष संदेश यात्रा, आयोजन का हिस्सा बनेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने बिना चिपके फास्टैग को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया तेज की, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालाय ने कहा–इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह के लिए चुनौती हैं ये फास्टैग।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये लखनऊ सहित देशभर के सैंतालीस स्थानों पर विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों के इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को को नियुक्ति पत्र देंगे। वे इस अवसर पर नियुक्त युवाओं को सम्बोधित भी करेंगे। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी शामिल होंगे। एक रिपोर्ट–

***रोजगार मेला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। देशभर में रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक दस लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किये जा चुके हैं। इसी क्रम में आज नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। नई भर्ती के लिए देशभर से चुने गए लोग गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय तथा डाक विभाग और अन्य विभागों और मंत्रालयों में तैनात किये जाएंगे। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।***

**********

लखनऊ विकास प्राधिकरण के अनंत नगर आवासीय योजना के दूसरे चरण में तीन सौ बत्तीस भूखंडों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया कल से शुरू हो गई। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि दूसरे चरण के तहत दस अगस्त दो हजार पचीस तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

**********

कल से एक माह के पवित्र श्रावण माह और कावड़ यात्रा की शुरुआत हो गई। श्रावण माह के पहले दिन प्रदेश भर के शिवालयों में श्रद्धालुओं और भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ धाम में एक माह तक जुटने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष प्रबंध किये गए हैं। मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए सभी प्रकार के प्रोटोकॉल स्थगित कर दिए गए हैं।

***श्रीकाशी विष्वनाथ धाम में जर्मन हैंगर की एंड टू एंड व्यवस्था, क्यू मैनेजमेंट की व्यवस्था, सभी तरह के प्रोटोकॉल स्थगित कर सभी भक्तों को दर्शन उपलब्ध कराने की सुरक्षित व्यवस्था के सारे प्रबंध किए गए हैं। गुड़ एवं पानी का वितरण किया जा रहा है। ओआरएस घोल एवं ग्लूकोज का वितरण किया जा रहा है। पाँच जगह पर हेल्थ डेस्क लगाई गई हैं। इसके अलावा हमारा आरोग्य केंद्र भी लगातार परिचालन किया जा रहा है। हमारी एक एएलएस एम्बुलेंस और एक नॉर्मल एंबुलेंस दो एम्बुलेंस की सेवा भी उपलब्ध है।***

सावन माह के साथ ही शुरू हुई पवित्र कांवड़ के लिए सरकार ने जगह जगह रुट डायवर्जन किया है और कई विशेष सुविधाओं के इंतजाम भी किए हैं।

विन्ध्याचल क्षेत्र के मंडलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि प्रयागराज से वाराणसी के बीच नेशनल हाईवे उन्नीस पर एक लेन कांवड़ियों के लिए आरक्षित कर दी गई है। साथ ही अन्य कई सुविधाएं देने की तैयारी है।

***जगह जगह शिविर लगाये जायेंगे। उनके लिए पानी पीने के लिए शिविरों में हम लोग व्यवस्था रखेंगे। इसके अलावा डॉक्टर की टीम जगह जगह जो हमारे पास रहेगी तो हम लोगों ने इसकी आकस्मिकता को लेकर तैयारी कर ली है। जिससे कि कहीं कोई असुविधा न हो और श्रद्धालु अपना इस उद्देश्य को लेकर के आ रहे हैं वो इसको पूरा करें और शंकर जी का जल चढ़ाएं और जलाभिषेक करें और अपने घर को अच्छे तरीके से दिए।***

प्रदेश के गाजियाबाद जिले में करीब दस हजार कावंड मित्र बनाये गये हैं। वहीं मेरठ में कांवड़ मार्गों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

सावन माह में कांवड़ यात्रा और शिव मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए डीजीपी मुख्यालय में मार्डन कंट्रोल रूम बनाया गया है। मुख्य कांवड़ मार्गों और प्रमुख स्थानों पर उन्तीस हजार चार सौ चौवन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही तीन सौ पन्चानवे हाईटेक ड्रोन की मदद से डीजीपी मुख्यालय से सीधे मॉनीटरिंग की जा रही है।

सावन माह में श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने भी पूरी तैयारी की है। रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील वर्मा ने कल अयोध्या में सावन मेले की तैयारियों व ट्रेनों के संचालन को लेकर जिला प्रशासन के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि ट्रेनों के सुचारु रुप से संचालन को लेकर बैठक में चर्चा हुई।

**********

लखनऊ से साहब श्री गुरु तेग बहादुर के तीन सौ पचासवें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में आज एक विशेष संदेश यात्रा निकाली जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इससे जुड़े आयोजन का हिस्सा बनेंगे। यह यात्रा लखनऊ के नाका हिंडोला स्थित श्री गुरु सिंह सभा से दिल्ली के चांदनी चौक स्थित गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब तक निकाली जा रही है। इसी क्रम में आज यह यात्रा मुख्यमंत्री आवास भी जाएगी। इसके बाद यह विशेष संदेश यात्रा कानपुर, इटावा होते हुए दिल्ली तक जाएगी।

**********

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सुचारू टोल संचालन के लिए वाहन पर बिना चिपके फास्टैग को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कल कहा कि ये फास्टैग इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह के लिए एक चुनौती हैं।

**********

''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक कल नई दिल्ली में संसद भवन में  की गई। 39 सदस्यीय इस समिति में लोकसभा के 27 और राज्यसभा के 12 सदस्य शामिल हैं। एक रिपोर्ट–

***यह बैठक 129वां संविधान संशोधन विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश विधि संशोधन विधेयक, 2024 की व्यापक समीक्षा के तहत हुई। भारतीय जनता पार्टी के सांसद पी.पी. चौधरी की अध्यक्षता वाली इस समिति ने जारी विचार–विमर्श के तहत कानूनी विशेषज्ञों के साथ सलाह–मशविरा किया। बैठक में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जगदीश सिंह खेहर और न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ ने देश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर समिति के समक्ष प्रस्तुति दी। देश में एक साथ चुनाव कराने की अवधारणा कोई नई बात नहीं है। संविधान को अपनाने के बाद वर्ष 1951 से 1967 तक लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ आयोजित किए गए थे। दीपेंद्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।***

**********

भारतीय सेना की मध्य कमान ने लखनऊ में स्वचालित हिमस्खलन पीड़ित पहचान प्रणाली  के अनुसंधान और विकास के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी कानपुर के साथ कल एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता ने कहा कि यह सहयोग दुर्गम ऊंचाई वाले और हिमाच्छादित क्षेत्रों में हिमस्खलन पीड़ितों के लिए मददगार होगा। यह उनका पता लगाने तथा उन्हें बचाने के लिए एक उन्नत तंत्र देने के लिये स्वदेशी तकनीक के विकास और उपयोग में एक मील का पत्थर है।

**********

प्रसार भारती ने हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया.एचएआई के साथ एक समझौता ज्ञापन.एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। एमओयू के अनुसार अब सभी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय हैंडबॉल कार्यक्रमों का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्सए वेव्स ओटीटी और अन्य प्रसार भारती प्लेटफार्म्स पर होगा।

**********

प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि अनुसंधान विभाग के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल कुशीनगर जिले के मथौली बाजार में एक खाद एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इसका उद्देश्य किसानों को आसानी से खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने सरकार की प्राथमिकता पर की गई कार्रवाई को देखना था। कृषि मंत्री श्री शाही ने जिले के हाटा कस्बे में प्रधानमंत्री किसान संवृद्धि केंद्र का भी दौरा किया।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में कहीं कहीं भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी आज और पंद्रह जुलाई को कहीं कहीं भारी बारिश हो सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित कई जिलों में कल से हल्के बादल छाए हुए हैं, लेकिन कल बारिश न होने की वजह से लोगों को भीषण उमस का सामना करना पड़ा। इस बीच, प्रदेश के पश्चिमी जिलों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है।

**********